दस्तक प्रभात प्रतिनिधि

पटना। बीएड पाठ्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस व राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के प्रावधानों को शामिल करने की कोशिश तेज हो गयी है। साथ ही कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियों में बीएड पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 40 प्रतिशत कम किया जाएगा। इसकी शुरूआत करते हुए पटना विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय ने इस सन्दर्भ में अपनी सहमति कुलपति को शीघ्र प्रेषित करने का फैसला किया है। पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ) आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न शिक्षा संकाय की आज वर्चुअल बैठक में पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी। बैठक में बीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज, पटना की प्राचार्या डॉ. मुनव्वर जहां, बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ ए आर खान, नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुव कुमार, डॉ. गौरी ब्रह्मानंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दरभंगा के प्राचार्य डॉ. कुमार संजीव एवं रांची बीमेंस कॉलेज, झारखंड के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन कुमार शामिल हुए। प्रो. आशुतोष कुमार ने कहा कि यूजीसी के दिशानिर्देशों के मद्देनजर एनसीसी को बीएड पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। यह एकेडमिक कौन्सिल से स्वीकृत है क उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर अधिकांश प्रावधानों को लागू किया जाएगा। बैठक में अन्य कई मुद्दों पर भी, जिनमें ऑनलाइन टीचिंग की समस्या और ऑनलाइन स्कूल इंटर्नशिप की सम्भावनाओं आदि पर विचार-विमर्श किया गया।

पीयू के बीएड पाठ्यक्रम में एनसीसी शामिल

(आज शिक्षा प्रतिनिधि)

पटना। पटना विश्वविद्यालय के बी. एड. पाठ्यक्रम में एनसीसी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों को शामिल किया जायेगा। कोरोना से उत्पन्न स्थिति में बी. एड. पाठ्यक्रम का भार घटाया जायेगा।



यह निर्णय पटना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की वर्चुअल बैठक में लिया गया। बैठक की अध्यक्षता पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर एनसीसी को बीएड पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। यह एकेडमिक काउंसिल से पास है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के प्रावधानों के मद्देनजर इस नीति के अधिकांश प्रावधानों को लागू किया जायेगा।

बैठक में ऑनलाइन टीचिंग और ऑनलाइन स्कूल इंटर्नशिप सहित कई मुद्दों पर विमर्श हुआ।

बैठक में स्थानीय बीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोनवर जहां, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय अध्यक्ष डॉ. ए. आर. खान, डॉ. गौरी ब्रह्मानंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुमार संजीव, नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग के विभाग डॉ. ध्रुव कुमार एवं रांची बीमेंस कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन कुमार शामिल हुए।

पीयू: बीएड पाठ्यक्रम में एनसीसी को शामिल किया जाएगा

- पटना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की वर्चुअल बैठक में निर्णय
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को भी शामिल किया जाएगा

पटना। बीएड पाठ्यक्रम में एनसीसी और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों को शामिल किया जाएगा। साथ ही कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियों में बीएड पाठ्यक्रम का लोड कम किया जाएगा। यह निर्णय पटना विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की वर्चुअल बैठक में रविवार को लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार ने की।

उन्होंने कहा कि यूजीसी के दिशा-निर्देशों के मद्देनजर एनसीसी को बीएड पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है। अभी यह एकेडमिक काउंसिल से पास है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 पूरे देश में लागू है। इसी के प्रावधानों के मद्देनजर नीति अधिकांश प्रावधानों को लागू किया जाएगा। बैठक में अन्य कई एजेंडे पर विचार-विमर्श किया गया। इसमें ऑनलाइन टीचिंग और ऑनलाइन स्कूल इंटर्नशिप आदि मुद्दे शामिल थे।

इस वर्चुअल बैठक में पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. आशुतोष कुमार, वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज की प्राचार्या डॉ. मोनव्वर जहां, बीआरए बिहार विवि के शिक्षा संकाय अध्यक्ष डॉ. एआर खान, डॉ. गौरी ब्रह्मानंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ. कुमार संजीव, नालंदा कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग के विभाग डॉ. ध्रुव कुमार एवं रांची वीमेंस कॉलेज के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन कुमार शामिल हुए।

बीएड में होगी एनसीसी, एनएसएस की पढ़ाई

संवाददाता | एजुकेशनल न्यूज

राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 प्रावधानों को शामिल करने की कवायद

पटना। बीएड पाठ्यक्रम में एनसीसी, एनएसएस व राष्ट्रीय शिक्षा नीति -2020 के प्रावधानों को शामिल करने की कोशिश तेज हो गयी है।

साथ ही कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियों में बीएड पाठ्यक्रम को विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की सिफारिशों के अनुरूप 40 प्रतिशत कम किया जाएगा कइसकी शुरुआत करते हुए पटना विश्वविद्यालय शिक्षा संकाय ने इस सन्दर्भ में अपनी सहमति कुलपति को शीघ्र प्रेषित करने का फैसला किया है क

पटना ट्रेनिंग कॉलेज के प्राचार्य प्रो. (डॉ) आशुतोष कुमार की अध्यक्षता में संपन्न शिक्षा संकाय की आज वर्चुअल बैठक में पाठ्येतर गतिविधियों को बढ़ावा देने पर भी सहमति बनी।

बैठक में वीमेंस ट्रेनिंग कॉलेज, पटना की प्राचार्या डॉ. मुनव्वर जहां, बीआर अंबेडकर बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के शिक्षा संकायाध्यक्ष डॉ ए आर खान, नालंदा कॉलेज शिक्षाशास्त्र विभागाध्यक्ष डॉ. ध्रुव कुमार, डॉ. गौरी ब्रह्मानंद टीचर्स ट्रेनिंग कॉलेज, दरभंगा के प्राचार्य डॉ. कुमार संजीव एवं रांची वीमेंस कॉलेज, झारखंड के शिक्षाशास्त्र विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. सचिन कुमार शामिल हुए।

प्रो. आशुतोष कुमार ने कहा कि यूजीसी के दिशानिर्देशों के मद्देनजर एनसीसी को बीएड पाठ्यक्रम में शामिल किया जा रहा है कयह एकेडमिक कौंसिल से स्वीकृत है कउन्होंने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के मद्देनजर अधिकांश प्रावधानों को लागू किया जाएगा क

डॉ ए आर खान ने कहा कि नई शिक्षा नीति और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में पाठ्यक्रम को रोचक और उपयोगी बनाने की कोशिश की जाएगी क

बैठक में अन्य कई मुद्दों पर भी, जिनमें ऑनलाइन टीचिंग की समस्या और ऑनलाइन स्कूल इंटर्नशिप की सम्भावनाओं आदि पर विचार-विमर्श किया गया।